रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17082020-221176
CG-DL-E-17082020-221176

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2455] नई दिल्ली, शुक्रवार, अगस्त 14, 2020/श्रावण 23, 1942
No. 2455] NEW DELHI, FRIDAY, AUGUST 14, 2020/SRAVANA 23, 1942

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 अगस्त, 2020

का.आ. 2772(अ).—मंत्रालय की प्रारुप अधिसूचना का.आ. 2634 (अ.), दिनांक 28 जुलाई, 2016, के अधिक्रमण में, अधिसूचना का निम्नलिखित प्रारुप, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है को पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, और यह सूचित किया जाता है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव देने का इच्छुक है, वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए अपनी आपत्ति या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 को लिखित रूप में या मंत्रालय के ई-मेल esz-mef@nic.in पर भेज सकता है।

प्रारूप अधिसूचना

ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य अक्षांश 9⁰43'43.535"उ, 9⁰50'44.589"उ, 9°47'41.894 और 9°46'6.966उ" और देशांतर 77°0'51.790"पू, 76°58'11.657" पू, 76°53'27.638"पू और 77⁰04'28.587'पू के बीच स्थित है और केरल राज्य में ईडुक्की जिला के उदुम्पंचोला, ईडुक्की, पीरूमेडु और थोडुपुझा तालुक में स्थित है। अभयारण्य का कुल विस्तार 105.364 वर्ग किलोमीटर है जिसमें ईडुक्की जलाशय के जल निकाय 33 वर्ग किलोमीटर में शामिल है;

और, क्षेत्र नगरामपारा रिज़र्व वनों का भाग है और पेरियार नदी का जलग्रहण क्षेत्र बनाता है और ईडुक्की हाइडल परियोजना को पूरा करता है। अभयारण्य सरकार आदेश सं.7898/एफएम3/76/एडी दिनांक 9 फरवरी, 1976 के अनुसार 1976 में अधिसूचित किया गया था। क्षेत्र पहले कोट्टयम वन संभाग का भाग था । अभयारण्य वनों का अलग पैच है जो कि विकास प्रकिया और वास खंडन के कारण समीपवर्ती क्षेत्रों से कटा हुआ है। पारिणामस्वरूप भू-दृश्य में समीपवर्ती संरक्षित क्षेत्रों के साथ ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के जोन प्रवाह संयोजकता पूरी तरह से कट जाता है। पेरियार नदी पर संनिर्मित आर्क बांध भारत में अपनी तरह का पहला और एशिया में सबसे बड़ा है। 1976 में ईडुक्की हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना के विकास के लिए घाटी में लगभग 27 वर्ग किलोमीटर अच्छे वन गिरा दिये गए थे। शेष भूमि को संरक्षित करने के उद्देश्य से जो जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र बनाया है और इस परियोजना के अस्तित्व के लिए अत्यधिक आवश्यक है, उसी वर्ष में जल निकाय के साथ मुख्य भूमि को अभयारण्य के रूप में अधिसूचित किया गया था। जलाशय के आसपास का वन वन्यजीवों के लिए एक अनुकूल प्रवास है तथा जैव विविधता में समृद्ध है;

और, ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य अनामुडी हाथी रिज़र्व का भाग है। पौधों की कुल 429 प्रजातियों का संबंध 87 परिवारों (दक्षिणी पश्चिमी घाटों में 37 प्रजातियां स्थानिक है।) से है। अभयारण्य से मुख्य वनस्पति *एंडरोग्राफीस एक्सपलिकाटा, एंड्रोग्रैफिस मैक्रोबोट्रोज, पेरिस्ट्रोफे मनीलाली, यग्रोफिला रिंगेंस, जस्टिसिया विनाडेंसिस, स्ट्रोबिलेंथस बार्बेटस, थुनबेरगिया फ्रागरांस, अल्लेमनिया नोडिफ्लोरा, लान्नेया कोरोमांडेलिका, आर्टाबोट्रोज जेयलानिकस, मिलिउसा टोमेंटोसा, हायड्रोकोटयले जवानिका, कारिस्सा इनेरमिस, पोथोस अरमाटुस, सचेफ्फलेरा* वेनुलोसा, *अरिस्टोलोचिया एक्यूमिनटा, कोसिस्टिग्मा राकेमोसुम, एग्रेटिना एडेनाफोरा, बलुमिया लांकेओलारिया, कोंयजास्टरिकटा, गनाफलिउम* पॉलीक्यूलोन, *फयल्लोकेफलुम फयल्लोलाइनम, वेरनोनिया अलबिकांस, बालानोफोरा फुंगोसा, लमपाटिइस कुसपिडेट, इमपाटिइंस इंकोंसपिकुआ, इमपाटिइंस वेरटिकिल्लाटा,* बॉम्बक्स *इंसिगने, कनारिउम स्टरिकटुम, विबुरनुम पुंकटातुम, मेसुआ फेर्रिया, कोम्बरेतुम लटिफोलिउम, कोम्मेलिना अट्रेनुअटे, कोम्मेलिना इरेकटा, कयानोटिस विल्लोसा,मुरदान्निया सेमिटेरेस, अरगयरेइया पोमाकेया, लपोमोइया कम्पानुलाटा, लपोमोइया पेस-टीगरीडिस,मेर्रेमिया विटिफोलिया, कुकुमिस सतिवुस, मोमोरडिका डिओइका, जानोनिया इंडिका एल.,बुलबोस्टयलिस डेन्सा, सापेरूस कुस्पिडाटुस, फिम्बरिस्टयलिसेरागरोस्टीस, पायकरेउस फलाविडुस, टेटरामेलेस नुडिफ्लोरा, डिओस्कोरिया ओप्पोसितिफोलिया, होपेया परविफ्लोरा, डरोसेरा इंडिका, डिओस्पयरोस इबेनुम, अंटीडेसमा मोनटानुम, बरेयनिया विटीस- आईडिइया, करोटोन मालाबरिकस, इयफोरबिया रोसेया, माकरांगा पेलटाटा, फयल्लांथुस यूरिनारिया, टरागिया बिकोलोर, बउहिनिया रेकेमोसा, केइसालपिनिया कुकुल्लाटा, अकैशिया सिनुअटे,* आर्किडेंड्रोनबिगेमिनम, हाइड्रोकोपरस्पेन्डेंड्रा, *सलाकिया फरूटिकोसा, मोलीनेरिया टरीचोकारपा, अनीसोमेलेस इंडिका, हायपटिस सुअवेओलेंस, ओकिमुम ग्राटीस्सिमुम, टेउकरिउम टोमेंटोसम,लिटेसिया कोरियाकिया, पेरसिया माकरांथा, उटरीकुलारिया ओरिया , लोबेलिया अलसिनोइडेस, स्ट्रीयचनोस नुक्स-वोमिका, रोटाला रोसेया, हिबिस्कस हिस्पीडिस्सिमस,अजाडिराचटा इंडिका, टूना किलिअटा,*

फिकस अस्पलिस्सिमा, फिकस डरूपाकेया, कनेमा एट्टेनुअटा, सिजेगियम कारयोफयल्लातुम, मायक्सोपायरूमसमिलाकिफोलियम, एरीडेस रिंगेंस, कयम्बिडियम अलोइफोलियम, डेंड्रोबियम,पपेरोमिया बलांडा, पिपेर लोंगुम, आदि अभिलिखित की गई हैं*;*

और, ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य से स्तनधारियों की 28 प्रजातियां अभिलिखित की गई हैं जिसमें लघु पुच्छ वानर (*मकाका रेडियोटा*), नीलगिरी लंगूर (*ट्रेचीपिथेकस जोहनी),* तवांगु *(लोरिस लयड्डडेकेरिअनस),* माउस हिरण (*मोशियोला मेमिन्ना),* मुंजक (*मुनटीक्स मुनतजक*), सांभर हिरण *(केरवुस* यूनीकोर्लर*)*, बनैला सूअर (*सस स्क्रोफा*), एशियाई हाथी (*एलिफस मैक्सीमूस*), रीछ (*मेलर्सस अरसिनस*), जंगली कुत्ता *(कुओन अल्पाइंस),* सियार (*कैनिस ऑरियस*), तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रड्यूस*), तेंदुआ बिल्ली (*परीओनालीलरूस बेनदालेन्सीस*), फिशिंग कैट (*प्रियनैलुरस विवरिनस*), जंगली बिल्ली *(फेलिस चाउस),* छोटा भारतीय सिवेट (*विवरिकुला इंडिका*), ब्राउन पाम सिवेट (*पैराडॉक्सुरस जेरडोनी*), सामान्य पाम सिवेट *(परदोसुरुषेरमाफ्रोडीतूस),* सामान्य नेवला *(हर्पस्टेस एड्वर्डसी),* भारतीय साल *(मानीस क्रॉसिसौड़ाता),* भारतीय खरगोश*(ब्लैक नेपड खरगोश) (लेपुस निगरीकोल्लिस),* मालाबार विशाल गिलहरी (*रतुफा इंडिका*), सामान्य विशालकाय उड़न गिलहरी (*पेटौरिस्ता फिलीप्पेसिस*), श्री स्टिपेड पाम गिलहरी *(फुनाम्बलुस पाल्मारूम),* साही *(हिस्ट्रीक्स इंडिका),* फुल्वोउस फ्रूट बेत *(रोउसेट्टुस लेस्चेनाउल्टी),* भारतीय फ्लाइंग लोमड़ी *(पटेरोपुस गिगांटेउस),* आदि शामिल हैं*;*

और, अभयारण्य से पक्षी जीव की लगभग 172 प्रजातियां अभिलिखित की गई हैं जिसमें छोटा ग्रेब (*पोडिसेप्स* रूफिकोल्लिस),लार्ज कॉर्मोरेंट *(फेलाक्रोकॉरेक्स कारबो*), मवेशी इग्रेट (*बुग बुबुलकस इबिस*), ब्लैक शॉल्डेरेट किट (*इलानस कैइरूलेउस*), ब्लैक बाजा (*अविकेडा लेउफोटेस*), यूरेशियन स्पेर्रोव हावक (*अक्सिपिटेर निसुस*), ब्लैक ईगल (*इक्टीनेटुस मालायेंसिस*), केस्टरेल (*फालको टिन्नुंकुलुस*), वाइट ब्रेस्टेड वाटरहेन (*अमाउरोर्निस फोइनिकुरूस*), रिवर टर्न (*स्टर्ना अउरंटिया*), जेरडोन शाही कबूतर (*ड्डकुला बाडिया*), रोज रिंगेड पैराकिट (*पसिट्टाकुला करामेरी*), सामान्य हावक कुककू (*कुकुलुस क्सारिउस*), कूउकल (*क्रौव तीतर*) (*सेंट्रोपस साइनेंसिस*), वन ईगल उल्लू(*बुबो निपालेंसिस*), स्विफ्टलेट, पाल्म स्विफ्ट (*कयपसिउरूस परवुस*), मालाबार ट्रागौन (*हार्पेक्टस फसकिअटस),* चेस्टनुस हेडेड बी-ईटर (*मेरोपस लेस्चेनाउलटी*), हूपोइ (उपुपा इपोपस), कोप्पेरस्मिथ बारबेत (*मेगालाइमा हेइमाकेफला*), लेस्सेर गोल्डन ब्लैकडवूडपैककेर (*डिनोपियम बेंघालेंसे*), वाइट बेल्लिड वूडपेस्कर (*डरयोकोपुस जवेनिस*), बारन स्वाल्लो (*हीरूंडो रूस्टीका*), बाय बाक्केड शिक्रे (*लनिउस विट्टाटुस*), ब्लैक हेडेड ओरिओले (ओरीओलुस क्संथोनुस), बरोंजेड ड्रोंगो (*डिकरूरूस एइनेउस*), सामान्य मैना (*अकरिडोथेरेस टरीस्टीस*), हाउस क्रौव (*कोरवउस स्पलेंडेंस*), सामान्य वूड श्रिक (*टेफरोडोर्निस पोंडीकेरीअनुस*), सामान्य इओरा (*ऐगिथिना टिफिया*), रेड व्हिस्क्रेड बुलबुल (*पाइकोनोटस जोकोसुस*), येलो थ्रोटेड बुलबुल (*पायकनोनोटुस क्रथोलाइमुस*), ब्लैक *हेडेड* बाब्बलेर (*रहोपोकिचला* अटरिसेप्स), बरोवन ब्राउन ब्रेस्टेडफ्लैकाचेर (*मुसकिका मुट्टउइ*), वेरडीटेर फ्लैकाचेर (*इयमयिअस थालास्सिना*), पाराडिसे *फ्लैकाचेर* (*टेरप्सिफोने पाराडिसि*), टैलोर बर्ड (*ओरथोटोमस सुटोरिउस*), ग्रैरैनिस लैफ वार्बलेर (*फयल्लोस्कोपुस ट्रोचिलोइडेस*), भारतीय रोबिन (*साक्कोलोइडेस फुलिकाटा*),ब्लैकबर्ड (*टर्डस मेरूला),*नीलगिरी पिपिट (*अंथुस निलघीरीइंसिस*), ग्रे वैगटल (*मोटाकिल्ला किनेरेया*),टिककैल फ्लोवर पेक्कर (*डिकेइउसम एरीथ्रोरिन्चोस*), सनबर्ड (*नेक्टारिनिया असिटिका*), ब्लैक हेड्डेड मुनिया (*लोचुरा मालाक्का*),आदि शामिल हैं;

और, ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य में तितलियों की लगभग 112 प्रजातियां (पश्चिमी घाट में 12 स्थानिक), सरीसृपों की 55 प्रजातियां, मछलियों की 30 प्रजातियां और उभयचरों की 28 प्रजातियां पाई जाती हैं जिसमें दक्षिण बर्डविंग (*ट्रोइड्स मिनोस*),सामान्य रोज (*पाचलिओप्टा अरीस्टोलोचीइ*), लिमे(*पापिलिओ डेमोलेउस*), क्रिमसोन

रोज (*पाचलिओपटा हेक्टोर*), श्री स्पोट ग्रास येल्लो (*इयरेमा बलांडा*), ग्रेट ओरांजे टीप (*हेबोमोइया गलायकिप्पे*), सामान्य बुस ब्राउन (*मयकालेसिस पेरसेउस*), सामान्य फिवेरिंग (*यपतिमा बालडुस*), सामान्य साइलेर (*नेप्टीस हयलास*), ग्रेय कूउंट (*टनाइकिया लेपिडेया*), मोर पैंसी (*जुनोनिया अलमाना*), ग्रेट इग्ग फलय (*हायपोलिमनास बोलिना*), स्ट्रीपेड और सामान्य बाघ (*डानाउस गेनुटिया*), ब्लैक वेइन सेरगेअंट (*अथयमा रांगा*), सामान्य हेडगे ब्लू (*अकटोलेपिस पुस्पा*), टिंय ग्रास ब्लू (*जिजुला हायलक्स*), सामान्य अकाकिया ब्लू (*सुरेंद्रा क्यूइकेटोरूम*), सामानय लिने ब्लू (*परोसोटस होरा*), सामान्य स्पोट्टेड फ्लाट (*केलाइनोरहीनुस लेउकोकेरा*), ग्रास डेमोन (*उदास्पेस फोलुस*), भारतीय रॉक *पाइथन* (*पाइथन मोलुरूस*), किंग कोबरा (*ओफियोफैगुस हन्नाह*),ओलिवेसियस केलबैक *(एटरेटियम शिस्टोसुम)*, मॉन्टेन कीलबैक *(एम्फीसेमा मोंटिकोला)*, ट्रावनकोरी कुकरी स्नेक (*ओलीगोडन ट्रैकोनसोरस)*, रूस्सेल सैंड बोआ (*इरयक्स कोनिका*), ब्लैक हेड्डेड स्नेक (*सिबयनोफिस सुबफंकटाटुस),* सामान्य करैत (*बुंगारूस कैइरूलेउस*), बम्बौ पिट विपेर (*टरीमेरेसुरूस स्पा*), भारतीय ब्लैक कछुआ (*मेलानोचेलयस टरीजुगा*), बरॉक गेकको (*हेमिदाकटयलुस बरौकी*), भारतीय ग्राडन *छिपकली* (*कलोटेस वेरसिकोलास*), सामान्य मॉनिटर छिपकली *(वरानस बैंगालिसिस)*, डुस्सुमिइर लिटेरस्किनक (*स्फेनोमोरफुस डुस्सुमिइरी*), बेड्डूम दक्षिण भारतीय *स्किंक* (*मबुया बेड्डोमेइ*), *डट्टाफरयनुस बेड्डोमि, डुट्टाफरयनुस हूलोलिउस, डुट्टाफरयनुस* साइलेंटवाल्ले *यॅंसिस, फेजेरवारया केरालेंसिस, नयकटिबाटराचुस बेडडोमि, इंद्रीराना बेडडोमि, राओर्चेस्टेस बेड्डोमि, रहाकोफोरूस मालाबारिकस, बारीलिउस कनारेंसिस, बारिलिउस गटेंसिस, टोर खुदरे, गर्रा मुल्लया, स्चिस्तुरा डेनिसोनि डेनिसोनी, मायस्तुस मोनटानुस,क्रेंटोडोन कंनेंटोडोन कंकिला, पसेउडोस्फरोमेनुस कुपानुस,चान्ना स्टरीअटा*, आदि शामिल हैं;

और, ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य में मुख्य दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटापन्न (आर ई टी) प्रजातियां मालाविरिंजी (*अकटीनोडाफने मालाबारिका*), चूरामुल्लू (*स्मिलक्स विघथि*), पेरेलाम (*अमोमूम पटेरोकेरपुम*), न्यू गुइनेया रोजवूड (*डीपटेरोकरपुस इंडिकस*), पुरिप्पा, वेल्लाकिलि (*डयसोक्सलुम बेड्डोमेइ*), माला इलांगी (*चिओनांथोस मालाइलेंगी*), जंगली डॉग (*कोनल पिनुस*), बाघ (*पेन्थेरा* टिगरिस), एशियाई हाथी (*एलिफस मैक्सीमूस*), भारतीय साल *(मानिस क्रैसिकाउडाटा*), तेंदुआ (*पेन्थेरा प्रज्यूस*), रीछ *(मेलर्सस अरसिनस*), मानिंजैल (औगुइल्ला बेंगालेंसिस), आदि हैं;

और, ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैराग्राफ 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी, पर्यावरणीय और जैव-विविधता की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों की श्रेणियों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण को निषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियमावली, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) (जिसे इसमें इसके पश्चात् पर्यावरण अधिनियम कहा गया है) की उपधारा (1)तथा धारा 3 की उपधारा (2) खंड (v) और खंड (xiv) एवं उपधारा (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केरल राज्य के ईडुक्की जिला के ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 450 मीटर से 1.00 किलोमीटर तक विस्तारित क्षेत्र को पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और सीमा.**-(1) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 450 मीटर से 1.00 किलोमीटर तक विस्तृत है और पारिस्थितिकी संवेदी जोन का क्षेत्रफल 88.238 वर्ग किलोमीटर है। जिसमें से 24.317 वर्ग किलोमीटर

कृषि भूमि और बाकी कोट्टयम वन संभाग में नगरापारा रिज़र्व और कोथामंगलम वन संभाग में थोडुपुझा रिज़र्व शामिल है। अभयारण्य की विभिन्न दिशाओं में पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार नीचे दिया गया है:-

दिशा	**विस्तार (किलोमीटर)**
उत्तर	0.45 से 1.00
उत्तर - पूर्व	1.00
पूर्व	1.00
दक्षिण -पूर्व	1.00
दक्षिण	1.00
दक्षिण -पश्चिम	1.00
पश्चिम	1.00
उत्तर- पश्चिम	0.45 से 1.00

(2) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण **उपाबंध-I** के रूप में संलग्न है।

(3) सीमा विवरण और अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन को सीमांकित करते हुए ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के मानचित्र **उपाबंध-IIक, उपाबंध-IIख** और **उपाबंध-IIग** के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन और ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध-III** की सारणी **क** और सारणी **ख** में दी गई है।

(5) मुख्य बिंदुओं के भू-निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-IV** के रूप में संलग्न है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.–(1) राज्य सरकार, द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए, राजपत्र में अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए, राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ एक आंचलिक महायोजना बनाई जायेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रीति से तथा प्रासंगिक केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार बनायी जाएगी।

(3) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी और पर्यावरण संबंधी सरोकारों को शामिल करने के लिए इसे राज्य सरकार के निम्नलिखित विभागों के परामर्श से बनाया जाएगा, अर्थात्:-

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि;
(iv) राजस्व;
(v) शहरी विकास;
(vi) पर्यटन;
(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) केरल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड; और

(xii) लोक निर्माण विभाग।

(4) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, आंचलिक महायोजना में वर्तमान में अनुमोदित भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा तथा आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचनाओं और क्रियाकलापों में सुधार करके उन्हे अधिक दक्ष और पारिस्थितिकी-अनुकूल बनाने की व्यवस्था की जाएगी।

(5) आंचलिक महायोजना में वनरहित और अवक्रमित क्षेत्रों के सुधार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भू-जल के प्रबंधन, मृदा और नमी के संरक्षण, स्थानीय जनता की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के ऐसे अन्य पहलुओं की व्यवस्था की जाएगी जिन पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

(6) आंचलिक महायोजना में सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों एवं शहरी बस्तियों, वनों की श्रेणियों एवं किस्मों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, उद्यानों एवं उद्यानों की तरह के हरित क्षेत्रों, बागवानी क्षेत्रों, बगीचों, झीलों और अन्य जल निकायों की सीमा का सहायक मानचित्र के साथ निर्धारण किया जाएगा। और प्रस्तावित भू-उपयोग की विशेषताओं का ब्यौरा भी दिया जाएंगा।

(7) आंचलिक महायोजना में पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होने वाले विकास का विनियमन किया जाएगा और सारणी में यथासूचीबद्ध पैराग्राफ 4 में निषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का पालन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जनता की आजीविका की सुरक्षा के लिए पारिस्थितिकी-अनुकूल विकास का भी सुनिश्चय एवं संवर्धन किया जाएगा।

(8) आंचलिक महायोजना, क्षेत्रीय विकास योजना की सह-कालिक होगी ।

(9) अनुमोदित आंचलिक महायोजना, निगरानी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ताकि वह इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार निगरानी के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.-** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:-

(1) **भू-उपयोग.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, बागवानी क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, मनोरंजन के लिए चिन्हित उद्यानों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय परिसरों या औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए प्रयोग या संपरिवर्तन अनुमत्य नहीं किया जाएगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भाग (क), में विनिर्दिष्ट प्रयोजन से भिन्न प्रयोजन के लिए कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन से क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम तथा यथा लागू केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों के अधीन तथा इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुमत्य किया जाएगा जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ़ करना और नई सड़कों का निर्माण करना;

(ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योग एवं ग्राम उद्योग; पारिस्थितिकी पर्यटन में सहायक सुविधा भण्डार, और स्थानीय सुविधाएं तथा गृह वास; और

(v) बढ़ावा दिए गए पैराग्राफ-4 में उल्लिखित क्रियाकलापः

परंतु यह भी कि क्षेत्रीय शहरी नियोजन अधिनियम के अधीन सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के बिना तथा राज्य सरकार के अन्य नियमों एवं विनियमों एवं संविधान के अनुच्छेद 244 के उपबंधों तथा तत्समय प्रवृत्त विधि, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी आता है, का अनुपालन किए बिना वाणिज्यिक या औद्योगिक विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का प्रयोग अनुमत्य नहीं होगा:

परंतु यह भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाली भूमि के अभिलेखों में हुई किसी त्रुटि को, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात्, राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार सुधारा जाएगा और उक्त त्रुटि को सुधारने की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को दी जाएगी:

परंतु यह भी कि उपर्युक्त त्रुटि को सुधारने में, इस उप-पैरा में यथा उपबंधित के सिवाय, किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन शामिल नहीं होगा।

(ख) अनुप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण तथा पर्यावासों और जैव- विविधता की बहाली के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत.**- आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जलमार्गों के आवाह क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में उनके संरक्षण और बहाली की योजना सम्मिलित की जाएगी और राज्य सरकार द्वारा जल आवाह प्रबंधन योजना इस रीति से बनाई जाएगी कि ऐसे क्षेत्रों में और इनके आस-पास विकास क्रियाकलापों को निषिद्ध रखा जाए ।

(3) **पर्यटन एवं पारिस्थितिकी पर्यटन.–** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी नए पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए तय पर्यटन महायोजना के अनुसार अनुमत्य होगा।

(ख) पारिस्थितिकी पर्यटन महायोजना राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा बनायी जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना का घटक होगी।

(घ) पर्यटन महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन की वहन क्षमता के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ङ) पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार विनियमित किए जाएंगे, अर्थात्:-

(i) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, किसी होटल या रिजॉर्ट का नया सन्निर्माण अनुमत्य नहीं होगा:

बशर्ते, पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक पूर्व परिभाषित और अभीहित क्षेत्रों में पर्यटन महायोजना के अनुसार, नए होटलों और रिजॉर्ट की स्थापना अनुमत्य होगी;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार, केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों

तथा पारिस्थितिकी पर्यटन, पारिस्थितिकी-शिक्षा और पारिस्थितिकी-विकास पर बल देने वाले राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन संबंधी दिशानिर्देशों (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन होने तक, पर्यटन के विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल-विशिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुमत्य किया जाएगा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए होटल/ रिजॉर्ट या वाणिज्यिक प्रतिष्ठान का संन्निर्माण अनुमत्य नहीं होगा ।

(4) **प्राकृतिक विरासत.–** पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले बहुमूल्य प्राकृतिक विरासत के सभी स्थलों जैसे कि जीन पूल रिजर्व क्षेत्र, शैल संरचना, जल प्रपात, झरने, दर्रे, उपवन, गुफाएं, स्थल, वनपथ, रोहण मार्ग, उत्प्रपात आदि की पहचान की जाएगी और उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, कलाकृति-क्षेत्रों तथा ऐतिहासिक, स्थापत्य संबधी, सौंदर्यात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण के लिए आंचलिक महायोजना के भाग के रूप में एक विरासत संरक्षण योजना बनायी जाएगी।

(6) **ध्वनि प्रदूषण.**- पर्यावरण अधिनियम के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 में नियत उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए विनियमों को कार्यान्वित करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के निवारण और नियंत्रण का वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण.**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, साधारण मानकों के अन्तर्गत पर्यावरण अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषण के निस्सारण के लिए साधारण मानकों या राज्य सरकार द्वारा नियत मानकों, जो भी अधिक कठोर हो, के उपबंधों के अनुसार होगा।

(9) **ठोस अपशिष्ट.-** ठोस अपशिष्ट का निपटान एवं प्रबन्धन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान और प्रबंधन भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ), दिनांक 8 अप्रैल, 2016 के तहत प्रकाशित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा। अकार्बनिक पदार्थो का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन से बाहर चिन्हित किए गए स्थानों पर पर्यावरण-अनुकूल रीति से किया जाएगा;

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन (ईएसएम) अनुमत्य किया जायेगा।

(10) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट.**- जैव चिकित्सा अपशिष्ट का प्रबंधन निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि. 343 (अ), तारीख 28 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(ख) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में मान्य प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करते हुए विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट का सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन अनुमत्य किया जायेगा।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि. 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधो के अनुसार किया जाएगा।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.सा.का.नि. 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 के तहत प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **ई–अपशिष्ट.-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट का प्रबंधन, भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित तथा समय-समय पर यथा संशोधित ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **सड़क-यातायात.-** सड़क-यातायात को पर्यावास-अनुकूल तरीके से विनियमित किया जाएगा और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध शामिल किए जाएंगे। आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित होने तक, निगरानी समिति प्रासंगिक अधिनियमों और उनके तहत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अनुसार सड़क-यातायात के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(15) **वाहन जनित प्रदूषण.-** वाहन जनित प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण लागू विधियों के अनुसार किया जाएगा और स्वच्छतर ईंधन के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां.-** (i) सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख को या उसके बाद पारिस्थितिकी संवेदी जोन में किसी नए प्रदूषणकारी उद्योग की स्थापना अनुमत्य नहीं होगी।

(ii) जब तक इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना अनुमत्य होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण.-** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार किया जाएगा:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों के उन क्षेत्रों को दर्शाया जाएगा जिनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी;

(ख) जिन ढलानों या विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों में अत्यधिक भू-क्षरण होता है उनमें किसी भी संनिर्माण की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में निषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप, पर्यावरण अधिनियम उसके अधीन बने नियमों के उपबंधों जिसमें तटीय विनियमन जोन अधिसूचना, 2011 एवं पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 शामिल है सहित वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 का 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53) अन्य लागू नियमों तथा उनमें किए गए संशोधनों के अनुसार शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति से विनियमित होंगे, अर्थात्:-

सारणी

क्रम सं. (1)	क्रियाकलाप (2)	टिप्पणी (3)
	क. निषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और अपघर्षण इकाईयां ।	(क) वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां तत्काल प्रभाव से निषिद्ध होगी। (ख) खनन प्रचालन, 1995 की रिट याचिका (सिविल) सं. 202 में टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश 4 अगस्त, 2006 और 2012 की रिट याचिका (सिविल) सं. 435 में गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के आदेश के अनुसरण में होगा ।
2.	प्रदूषण (जल, वायु, मृदा, ध्वनि, आदि) उत्पन्न करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई नया उद्योग लगाने और वर्तमान प्रदूषणकारी उद्योगों का विस्तार करने की अनुमति नहीं होगीः जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हो, पारिस्थितिकी संवेदी जोन में फरवरी, 2016, में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी दिशानिर्देशों में किए गए उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार केवल गैर- प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना होगी। इसके अतिरिक्त, गैर-प्रदूषणकारी कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
3.	जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार निषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थ का प्रयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार निषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या भूमि क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्रावों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार निषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुमत्य नहीं होगा ।
7.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार निषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
	ख.विनियमित क्रियाकलाप	
8.	होटलों और रिसोर्टों की वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिकी पर्यटन क्रियाकलापों हेतु लघु अस्थायी संरचनाओं के निर्माण के सिवाय, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, इनमें जो भी अधिक निकट हो, नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना अनुमत्य नहीं होगी: परंतु, संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर बाहर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा तक, पर्यटन महायोजना और

		लागू दिशानिर्देशों के अनुसार इनमें जो भी अधिक निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप करने या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार करने की अनुज्ञा होगी ।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुमत्य नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैराग्राफ 3 के उप पैराग्राफ (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवासियों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ख) एक किलोमीटर से आगे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे ।
10.	गैर प्रदूषणकारी लघु उद्योग।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों के वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग तथा गैर-खतरनाक लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, बागबानी या कृषि आधारित उद्योग, जो पारिस्थितिकी संवेदी जोन से देशी सामग्रियों से उत्पाद बनाते हैं, सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमत्य होंगे।
11.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन भूमि या सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई केंद्रीय या संबंधित राज्य के अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
12.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
13.	विद्युत और संचार टॉवर लगाने, तार-बिछाने तथा अन्य बुनियादी ढांचे की व्यवस्था ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा (भूमिगत केबल बिछाने को बढ़ावा दिया जाएगा)।
14.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचा।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
15.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना, उन्हें सुदृढ बनाना और नई सड़कों का निर्माण।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण उपायों नियमों और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देशों के साथ किए जाएंगे।
16.	पर्यटन से संबंधित अन्य क्रियाकलाप जैसे कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से गर्म वायु के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइट्स उड़ाना आदि।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
17.	पहाड़ी ढलानों और नदी तटों का	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।

	संरक्षण ।	
18.	रात्रि में वाहन यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होगा।
19.	स्थानीय जनता द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान कृषि और बागवानी पद्धतियों के साथ डेयरियां, दुग्ध उत्पादन, जल कृषि और मत्स्य पालन।	स्थानीय जनता के प्रयोग के लिए लागू विधियों के अधीन अनुमत्य होंगे।
20.	फर्मों, कारपोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित (अन्यथा प्रदान किए गए) होंगे ।
21.	प्राकृतिक जल निकायों या भू क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण ।	जल निकायों में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव के निस्सारण से बचा जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के प्रयास किए जाएंगे अन्यथा उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
22.	सतही और भूजल का वाणिज्यिक प्रयोग एवं निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
23.	ठोस अपशिष्ट निपटान स्थल और सामान्य जलाए जाने की सुविधा के लिए ठोस और जैव चिकित्सा अपशिष्ट की स्थापना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
24.	ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
25.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
26.	पारिस्थितिकी पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
27.	पोलिथीन बैगों का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
28.	वाणिज्यिक संकेत बोर्ड और होर्डिंग का प्रयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगा ।
29.	खुले कुंआ, बोर कुंआ, आदि कृषि और अन्य उपयोग के लिए ।	सम्बद्ध प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों को विनियमित और निगरानी सख्ती ।
	ग.संवर्धित क्रियाकलाप	
30.	वर्षा जल संचय ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
31.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
32.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी का अंगीकरण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
33.	ग्रामीण कारीगरी सहित कुटीर उद्योग।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
34.	नवीकरणीय ऊर्जा और ईंधन का प्रयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को सक्रिय बढ़ावा दिया जाएगा।
35.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
36.	बागान लगाना और जड़ी बूटियों का रोपण ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

37.	पारिस्थितिकी अनुकूल यातायात का प्रयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
38.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	अवक्रमित भूमि/वनों/ पर्यावासों की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	पर्यावरण के प्रति जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. पारिस्थितिकी-संवेदी जोन अधिसूचना की निगरानी के लिए निगरानी समिति.- प्रभावी निगरानी के लिए प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा, एक निगरानी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:

क्र.सं.	**निगरानी समिति का गठन**	**पद**
(i)	जिला कलेक्टर, ईडुक्की	पदेन, अध्यक्ष;
(ii)	विधान सभा के सदस्य, ईडुक्की	सदस्य;
(iii)	विधान सभा के सदस्य, पीरूमेडु	सदस्य;
(iv)	विधान सभा के सदस्य, उदुम्बानचोला	सदस्य;
(v)	अध्यक्ष, जिला पंचायत, ईडुक्की	सदस्य;
(vi)	केरल सरकार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन का एक प्रतिनिधि	सदस्य;
(vii)	केरल सरकार द्वारा राज्य में विश्वविद्यालय के एक प्रतिष्ठित संस्थान से पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ	सदस्य;
(viii)	राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य	सदस्य;
(ix)	केरल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला अधिकारी	सदस्य;
(x)	वन्यजीव वार्डन, ईडुक्की वन्यजीव प्रभाग	सदस्य- सचिव

6.विचारार्थ विषय:- (1) निगरानी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन की निगरानी करेगी।

(2) निगरानी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष तक या राज्य सरकार द्वारा नई समिति का पुनर्गठन किए जाने तक होगा और इसके बाद निगरानी समिति राज्य सरकार द्वारा गठित की जाएगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट निषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण अनापत्ति लेने के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट निषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 1533(अ), तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित निगरानी समिति द्वारा

संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) निगरानी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त या संबंधित उपायुक्त ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण अधिनियम की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) निगरानी समिति संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों या संबंधित पक्षों को, प्रत्येक मामले मे आवश्यकता के अनुसार, अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) निगरानी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च की स्थिति के अनुसार अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को, **उपाबंध V** में दिए गए प्रपत्र के अनुसार, उस वर्ष की 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय निगरानी समिति को उसके कार्यो के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह उचित समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार, अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित किए गए या पारित किए जाने वाले आदेश, यदि कोई हो, के अध्यधीन होंगे ।

[फा. सं. 25/106/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. सतीश चन्द्र गढ़कोटी, वैज्ञानिक 'जी

उपाबंध- I

क. केरल राज्य में कोट्टीयूर वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का विवरण

दिशा	सीमा विवरण
उत्तर	सीमा चेरूथोनी बांध के बाएं तट की तरफ से आरंभ होती है, बांध के साथ अंत तक जाती है और इसके बाद ईडुक्की जलाशय के एफ आर एल की उत्तरी सीमा के साथ गुजरती है जो कि ईडुक्की आर्क बांध- के उत्तर पश्चिमी कोण से मिलती है और इसके बाद एफ आर एल के साथ यह कट्टाप्पाना नदी तक जाती है।
पूर्व	यहां यह कट्टाप्पाना नदी को पार करती है और झील की एफ आर एल सीमा के साथ कल्लार सागौन बागान के दक्षिण पूर्वी कोण तक पहुंचती है।
दक्षिण	यह कल्लार सागौन बागान की दक्षिणी सीमा से होते हुए कन्नामपदी थोडु तक पहुंचती है और इसके बाद सीधी रेखा में कमोवेश पश्चिम की ओर जाती है जहां यह चेरूथोनी जलाशय एफ आर एल के दक्षिण पूर्वी कोण से मिलती है और इसके बाद मालायट्टूर वन संभाग सीमा तक पश्चिमी दिशा में एफ आर एल के दक्षिणी भाग के साथ जाती है।
पश्चिम	यह झील की एफ आर एल सीमा के साथ जाती है और आरंभिक बिंदु तक पहुंचती है। अभयारण्य के तीन भाग (उत्तर, पूर्व और पश्चिम) झील के एफ आर एल द्वारा सीमांकित है और चौथा भाग (दक्षिण) रिज़र्व सीमा के साथ स्थायी स्तूप के साथ सीमांकित है।

ख: केरल राज्य में ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा का विवरण

उत्तर	उत्तरी सीमा बिंदु संख्या 22 (76° 55' 54.380" पू 9° 50' 39.892" उ (थोडुपुझा- पुलियान – माला सड़क) से आरंभ होती है और यह बिंदु संख्या 23 (76° 56' 43.929" पू 9° 51' 4.738" उ) से होते हुए जाती है । बिंदु संख्या 23 (76° 56' 43.929" पू 9° 51' 4.738" उ) से, इसके बाद यह बिंदु संख्या 24 (76° 57' 34.587" पू 9° 50' 24.656" उ). के के. एस.ई.बी सड़क से होते हुए जाती है। बिंदु संख्या 24 (76° 57' 34.587" पू 9° 50' 24.656" उ) से बिंदु संख्या 25 (76° 58' 59.467" पू 9° 50' 45.408" उ) तक नगरामपारा रिज़र्व से होते हुए जाती है।
उत्तर - पूर्व	उत्तर- पूर्वी सीमा बिंदु संख्या 25 (76° 58' 59.467" पू 9° 50' 45.408" उ) से बिंदु संख्या 26 (77° 0' 11.128" पू 9° 49' 39.919" उ) तक से आरंभ होती है जो थोडुपुझा- पुलियामाला सड़क से होते हुए जाती है। बिंदु संख्या 26(77° 0' 11.128" पू 9° 49' 39.919" उ)से बिंदु संख्या28 (77° 2' 51.038" पू 9° 48' 3.257" उ) तक कुरावन माला (अय्याप्पानकोवील श्रेणी) से होते हुए जाती है।
पूर्व	बिंदु संख्या 28(77° 2' 51.038" पू 9° 48' 3.257" उ) से बिंदु संख्या 1, 2, 3(77° 4' 59.391" पू 9° 45' 38.073" उ) तक आरंभ होती है अय्याप्पानकोवील श्रेणी से होते हुए जाती है।
दक्षिण - पूर्व	बिंदु संख्या 3(77° 4' 59.391" पू 9° 45' 38.073" उ) से बिंदु संख्या 8 (77° 2' 2.322" पू 9° 42' 41.483" उ) अय्याप्पानकोवील श्रेणी और कंचीयर ग्राम तक आरंभ होती है।
दक्षिण	बिंदु संख्या 8 (77° 2' 2.322" पू 9° 42' 41.483" उ) से बिंदु संख्या 13 (76° 55' 54.702" पू 9° 43' 5.500" उ) तक आरंभ होती है अय्याप्पानकोवील श्रेणी और उप्पुथार, वागाकोन और अय्याप्पानकोवील राजस्व श्रेणी से होते हुए जाती है
दक्षिण-पश्चिम	बिंदु संख्या 13 (76° 55' 54.702" पू 9° 43' 5.500" उ) से बिंदु संख्या 15 (76° 53' 29.252" पू 9° 46' 22.734" उ) तक वागामोन और अराक्कुलम ग्राम से होते हुए जाती है। बिंदु संख्या 15 (76° 53' 29.252" पू 9° 46' 22.734" उ) से बिंदु संख्या 16 (76° 53' 29.252" पू 9° 46' 22.734" उ) तक नगरामपारा रिज़र्व वन की दक्षिणी सीमा से होते हुए जाती है।
पश्चिम	बिंदु संख्या 16 (76° 53' 29.252" पू 9° 46' 22.734" उ) से बिंदु संख्या 17(76° 53' 23.916" पू 9° 47' 30.769" उ) तक नचार की जल विभाजक सीमा और नदुकनीमाला के रिज के चेरू थोनी नदी से होते हुए जाती है और यह अराकुलम ग्राम से होते हुए पुलियनमाला-थोडुपुझा सड़क पहुंचती है। बिंदु संख्या 17 (76° 53' 23.916" पू 9° 47' 30.769" उ) से बिंदु संख्या 19 (76° 53' 39.951" पू 9° 49' 3.391" उ) अन्नची वालावु के थोडुपुझा–पुलियनमाला सड़क अन्नाची वालावु सीधी रेखा से पारामादा तक होते हुए जाती है जो कि कोयीपल्ली और मुधी पुरूनदा थुडु को पार करके थोडुपुझा- पुलियानमाला सड़क में स्थित है ।
उत्तर-पश्चिम	बिंदु संख्या19 (76° 53' 39.951" पू 9° 49' 3.391" उ) से बिंदु संख्या 22 (76° 55' 54.380" पू 9° 50' 39.892" उ)तक थोडुपुझा- पुलियानमाला सड़क (दाएं भाग) से होते हुए जाती है।

उपाबंध- IIक

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का अवस्थान मानचित्र



उपाबंध-IIख

मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का गूगल मानचित्र



उपाबंध- IIग

भारतीय सर्वेक्षण (एसओआई) टोपोशीट पर मुख्य अवस्थानों के अक्षांश और देशांतर के साथ ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र



उपाबंध-III

सारणी क: ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	मुख्य बिंदुओं की पहचान	मुख्य बिंदुओं के अवस्थान/दिशा	अक्षांश(उ) डी एम एस प्रारूप	देशांतर(पू) डी एम एस प्रारूप
1	चेरूथोनी बांध	उत्तर	9° 50' 44.589" उ	76° 58' 11.657" पू
2	इडुक्की बांध	उत्तर	9° 50' 2.086" उ	76° 59' 2.069" पू
3	नाराकाकानाम	उत्तर पूर्व	9° 49' 18.985" उ	76° 59' 59.478" पू
4	कलवारय माउंट	उत्तर पूर्व	9° 48' 22.149" उ	77° 1' 3.880" पू
5	कालयानाथंडु	उत्तर पूर्व	9° 47' 35.991" उ	77° 2' 31.487" पू
6	कालयानाथंडु	पूर्व	9° 46' 49.295" उ	77° 3' 27.194" पू
7	अंचूरूलय	पूर्व	9° 46' 6.966" उ	77° 4' 28.587" पू
8	अंचूरूलय	दक्षिण पूर्व	9° 45' 31.047" उ	77° 3' 22.612" पू
9	अंचूरूलय	दक्षिण पूर्व	9° 45' 57.992" उ	77° 2' 48.678" पू
10	अनापाल्लाम	दक्षिण पूर्व	9° 46' 51.923" उ	77° 2' 6.766" पू
11	कोझीमाला सागौन बागान	दक्षिण पूर्व	9° 45' 53.779" उ	77° 1' 34.381" पू
12	कोझीमाला	दक्षिण पूर्व	9° 44' 49.400" उ	77° 1' 10.015" पू
13	कोझीमाला सागौन बागान	दक्षिण पूर्व	9° 44' 4.578" उ	77° 1' 7.953" पू
14	अय्याप्पानकोविल मंदिर	दक्षिण पूर्व	9° 43' 2.721" उ	77° 1' 42.043" पू
15	मुथाम्पाडी	दक्षिण पूर्व	9° 43' 43.535" उ	77° 0' 51.790" पू
16	वनमावय	दक्षिण	9° 44' 20.861" उ	76° 59' 45.498" पू
17	कोट्टापारा	दक्षिण	9° 43' 56.883" उ	76° 58' 47.148" पू
18	ओट्टामाराम्पारा	दक्षिण	9° 43' 5.662" उ	76° 58' 20.759" पू
19	7 खंड	दक्षिण	9° 43' 10.214" उ	76° 57' 4.490" पू
20	कान्नामकायाम	दक्षिण पश्चिम	9° 43' 43.532" उ	76° 55' 56.798" पू
21	मुथुचोला	दक्षिण पश्चिम	9° 45' 0.968" उ	76° 55' 34.471" पू
22	मुथुचोला	दक्षिण पश्चिम	9° 46' 5.190" उ	76° 54' 52.207" पू
23	ओंथुमाला	दक्षिण पश्चिम	9° 45' 31.451" उ	76° 54' 22.325" पू
24	नेल्लीक्कापारा	दक्षिण पश्चिम	9° 46' 44.973" उ	76° 54' 1.856" पू
25	काप्पाकानाम	दक्षिण पश्चिम	9° 46' 5.061" उ	76° 55' 44.052" पू
26	काप्पाकानाम	पश्चिम	9° 46' 56.810" उ	76° 54' 53.409" पू
27	के एस ई बी कॉलोनी, कुलामावय बांध	पश्चिम	9° 47' 33.058" उ	76° 54' 12.599" पू

28	कुलामवय	पश्चिम	9° 47' 41.894" उ	76° 53' 27.638" पू
29	कुलामवय	पश्चिम	9° 48' 1.215" उ	76° 53' 11.059" पू
30	कुलामवय	पश्चिम	9° 48' 30.261" उ	76° 53' 37.469" पू
31	वाइरामानी	पश्चिम	9° 47' 44.779" उ	76° 54' 15.954" पू
32	कुदावायरूट्टी	पश्चिम	9° 47' 19.428" उ	76° 55' 29.141" पू
33	चेरी ओली	पश्चिम	9° 47' 59.500" उ	76° 54' 43.381" पू
34	चेरी ओली	पश्चिम	9° 47' 41.781" उ	76° 55' 29.989" पू
35	पप्पान ओली	पश्चिम	9° 48' 25.182" उ	76° 55' 33.421" पू
36	पप्पान ओली	पश्चिम	9° 48' 24.110" उ	76° 56' 9.819" पू
37	मीनमुट्टी	उत्तर पश्चिम	9° 48' 57.095" उ	76° 56' 43.510" पू
38	इरीक्कामान्तु	उत्तर पश्चिम	9° 49' 23.649" उ	76° 56' 39.032" पू
39	पाइनावय	उत्तर	9° 50' 19.301" उ	76° 57' 1.675" पू
40	वेल्लाप्पारा	उत्तर	9° 50' 0.975" उ	76° 57' 54.664" पू

सारणी ख: पारिस्थितिकी संवेदी जोन के मुख्य अवस्थानों के भू-निर्देशांक

क्र.सं.	मुख्य बिंदुओं की पहचान	मुख्य बिंदुओं के अवस्थान/दिशा	अक्षांश(उ) डी एम एस प्रारूप	देशांतर(पू) डी एम एस प्रारूप
1	कल्यानाथंडू	पूर्व	9° 47' 18.095" उ	77° 3' 43.552" पू
2	अंचूरूलय तुन्नेल	पूर्व	9° 46' 38.186" उ	77° 4' 41.538" पू
3	अंचुरूलय	पूर्व	9° 45' 38.073" उ	77° 4' 59.391" पू
4	कंचीयर	दक्षिण पूर्व	9° 45' 3.887" उ	77° 4' 8.248" पू
5	कोझीमाला	दक्षिण पूर्व	9° 44' 52.357" उ	77° 2' 44.793" पू
6	माट्टाप्पाल्ली	दक्षिण पूर्व	9° 45' 19.171" उ	77° 1' 44.499" पू
7	कोविलमाला	दक्षिण पूर्व	9° 43' 52.050" उ	77° 1' 39.130" पू
8	अय्याप्पानकोविल	दक्षिण पूर्व	9° 42' 41.483" उ	77° 2' 2.322" पू
9	अय्याप्पानकोविल	दक्षिण	9° 43' 2.504" उ	77° 0' 42.967" पू
10	वनमावय	दक्षिण	9° 43' 42.877" उ	76° 59' 40.310" पू
11	कप्पीपारा	दक्षिण	9° 42' 40.851" उ	76° 58' 48.776" पू
12	कुमारीकुलम	दक्षिण	9° 42' 34.290" उ	76° 57' 24.773" पू
13	कोट्टामाला	दक्षिण	9° 43' 5.500" उ	76° 55' 54.702" पू
14	अम्बालामेडु	दक्षिण पश्चिम	9° 44' 2.265" उ	76° 54' 54.020" पू
15	मुल्लाकनाम	दक्षिण पश्चिम	9° 45' 9.124" उ	76° 53' 57.542" पू

16	नेल्लीक्कापारा	दक्षिण पश्चिम	9° 46' 22.734" उ	76° 53' 29.252" पू
17	कुलामवय	पश्चिम	9° 47' 30.769" उ	76° 53' 23.916" पू
18	कोझीपाल्लय	पश्चिम	9° 48' 24.455" उ	76° 52' 45.301" पू
19	मुथीयरूंदायार	पश्चिम	9° 49' 3.391" उ	76° 53' 39.951" पू
20	चेरी	उत्तर पूर्व	9° 49' 10.790" उ	76° 54' 48.941" पू
21	मीनमुट्टी	उत्तर पूर्व	9° 49' 46.899" उ	76° 55' 33.693" पू
22	कुयीमाला	उत्तर पूर्व	9° 50' 39.892" उ	76° 55' 54.380" पू
23	पैनावउ	उत्तर	पू 9° 51' 4.738" उ	76° 56' 43.929" पू
24	चेरूथोनी	उत्तर	9° 50' 24.656" उ	76° 57' 34.587" पू
25	ईडुक्की	उत्तर	9° 50' 45.408" उ	76° 58' 59.467" पू
26	नाराकाकानाम	उत्तर पूर्व	9° 49' 39.919" उ	77° 0' 11.128" पू
27	कलवारी मांउट	उत्तर पूर्व	9° 48' 41.514" उ	77° 1' 36.574" पू
28	वझावारा	उत्तर पूर्व	9° 48' 3.257" उ	77° 2' 51.038" पू

उपाबंध-IV

भू-निर्देशांकों के साथ ईडुक्की वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची

क्र.सं.	ग्राम का नाम	ग्राम के प्रकार	तहसील /तालुका	जीपीएस निर्देशांक	
				अक्षांश	देशांतर
1	उप्पुथारा	उप्पुथारा	पीरूमेडु	उ 9^0 41’47.77	पू 077^0 01’35.24
2	वगामोन	वागामोन	पीरूमेडु	उ 9^0 40’11.54	पू 076^0 57’14.33
3	अय्याप्पानकोविल	अय्याप्पानकोविल	उडुमबांछोला	उ 9^0 41’56.37	पू 076^0 56’59.30
4	कंचियार	कंचियार	ईडुक्की	उ 9^0 44’24.74	पू 077^0 03’48.23
5	ईडुक्की	ईडुक्की	ईडुक्की	उ 9^0 59’34.01	पू 073^0 31’34.64
6	अराक्कुलम	अराक्कुलम	थोडुपुझा	उ 9^0 48’37.82	पू 076^0 49’45.93

उपाबंध-V

की गई कार्रवाई सम्बन्धी रिपोर्ट का प्रपत्रः

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : (कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत को एक पृथक उपाबंध में प्रस्तुत करें) ।
3. पर्यटन महायोजना सहित आंचलिक महायोजना की तैयारी की स्थिति ।

4. भू-अभिलेखों की स्पष्ट त्रुटियों के सुधार के लिए निबटाए गए मामलों का सार(पारिस्थितिकी-संवेदी जोन वार) । विवरण उपाबंध के रुप में संलग्न करें।

5. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार।(विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें)।

6. पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों से संबंधित संवीक्षा किए गए मामलों का सार । (विवरण एक पृथक उपाबंध के रूप में संलग्न करें)।

7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सार ।

8. कोई अन्य महत्वपूर्ण मामला ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 13th August, 2020

S.O. 2772(E). —In supersession of Ministry's draft notification S.O. 2634 (E), dated 28th July, 2016, the following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110 003, or send it to the e-mail address of the Ministry at esz-mef@nic.in

Draft Notification

WHEREAS, Idukki Wildlife Sanctuary is located between latitudes $9^0$43'43.535"N, $9^0$50'44.589"N, 9°47'41.894 and 9°46'6.966N" and longitudes 77°0'51.790"E, 76°58'11.657" E, 76°53'27.638"E and $77^0$04'28.587'E and is situated in Udumpanchola, Idukki, Peerumedu and Thodupuzhataluk of Idukki district in the state Kerala. The total extent of the Sanctuary is 105.364 square kilometers which includes 33 square kilometers water body of the Idukki Reservoir;

AND WHEREAS, the area is a part of Nagarampara Reserve Forests and forms the catchment area of Periyar River and caters to ldukki Hydel Project. The Sanctuary was notified in 1976 as per Government Order No.7898/FM3/76/AD dated 9th February 1976. The area was previously part of Kottayam Forest Division. The Sanctuary is an isolated patch of forests which was cut off from the adjacent areas due to development process and habitat destruction. As a result the gene flow connectivity of Idukki Wildlife Sanctuary with the adjacent Protected Areas in the landscape is totally cut off. The arch dam constructed across Periyar River is the first of its kind in India and the biggest in Asia. Nearly 27 square kilometers of good forest in the valley was felled for the development of Idukki Hydro Electric Project in 1976. With the intention of conserving the remaining land which forms the catchment of the reservoir and is highly necessary for the existence of this project, the mainland along with the water body was notified as a Sanctuary in the same year. The forest surrounding the reservoir forms a conducive habitat for wildlife and is rich in biodiversity;

